काकरा ला ...
र की सूचना पर गुरुवार को पेश किया। जहां से उसे न्यायिक ...
किया । इसी कड़ी में कुछ गया।

से गाली-
से हमला

प्रातःकाल
के बदनौर
राह चलते
र चाकू से
मलावरों ने
सूचक शब्दों
। इसे लेकर
र लिया है।
नुसार, कस्बा
व पंकज पुत्र
ह पुत्र गोपाल
घीसू माली
ओझियाणा
संह रावत के
परिवादी युवकों
वे केसर बाग
अपने घर जा रहे
क तीनों आरोपित
अन्य साथी डीजे
परिवादी रवि व
पितों ने जातिगत
न से मारने की
बाद चाकू से रवि
ड़तोड़ हमला कर
हिने हाथ व पंकज
किया, जिससे दोनों

बड़ीसादड़ी कृषि उपज मंडी में बैठक का किया आयोजन

बड़ीसादड़ी (प्रातःकाल संवाददाता)। कृषि उपज मंडी बड़ीसादड़ी के सभागार में राजस्थान कृषि प्रसंस्करण कृषि व्यवसाय एवं कृषि निर्यात प्रोत्साहन नीति 2019 एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के अंतर्गत कृषि को व्यापारियों,एफपीओ बैंक प्रतिनिधि कृषि विभाग के अधिकारी की बैठक आयोजित की गई। योजना के संबंध में मंडी समिति द्वारा कृषि प्रसंस्करण उद्योगों, वेयरहाउस, कोल्स्टोरेज, पेक हाउस,मिल्क चिलिंग प्लांट एवं कृषि प्रसंस्करण आदि की स्थापना पूंजी अनुदान,ब्याज अनुदान,भाड़ा अनुदान,सौर ऊर्जा अनुदान के बारे में बताया कि पूंजीगत लागत पर कृषको को एवं उनके संगठनों को 50त्न अधिकतम 1 करोड़ रूपए तक कुल अनुदान एवं बैंक ऋण पर 6त्न की दर से 5 वर्ष तक अधिकतम एक करोड़ तक का ब्याज अनुदान एवं पूंजीगत लागत पर अन्य पात्र उद्यमियों को 25 प्रतिशत,अधिकतम 50 लाख रूपये तक का अनुदान तथा बैंक ऋण पर 5 प्रतिशत की दर से 5 वर्ष तक का अनुदान के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में फूट टेक,कृषि विपणन बोर्ड प्रबंधक श्रवण कुमार कुमावत,एडीएम अंकित शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म अध्ययन योजना के अंतर्गत कृषि आधारित उद्योग पर सरकार की तरफ से अधिकतम 10 लाख रूपये का अनुदान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं व्यापारियों को योजना का अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में बड़ीसादड़ी कृषि उपज मंडी अध्यक्ष सहित समस्त सदस्यगण मौजूद रहे।

बंधक श्रमिक सतर्कता समिति की बैठक 20 को

डूंगरपुर (प्रातःकाल संवाददाता)। जिला स्तरीय बंधक श्रमिक सतर्कता समिति की बैठक जिला कलक्टर लक्ष्मी नारायण मंत्री की अध्यक्षता में 20 मार्च को सायं 3.30 बजे सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी श्रम कल्याण अधिकारी दीपक यादव ने दी।